प्रेस नोट

दिनांक- 24.06.2024

पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री बीबीजीटीएस मूर्ति द्वारा पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में अपराध गोष्ठी कर कानून व्यवस्था की समीक्षा की गई !

आज दिनांक 24.06.2024 को पुलिस लाइन सभागार में सैनिक सम्मेलन व मासिक अपराध गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री बीबीजीटीएस मूर्ति द्वारा गोष्ठी कर कानून-व्यवस्था की समीक्षा की गयी। अपर पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात, समस्त क्षेत्राधिकारी गण तथा समस्त थाना प्रभारी गोष्ठी में शामिल हुए तथा गोष्ठी में भादवि0 के अपराध, महिला उत्पीड़न, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति से संबंधी अपराध व निरोधात्मक कार्यवाही की मासिक समीक्षा व प्रगतिशील सूचना के संबंध में दिशा निर्देश दिये गये।

गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा निम्नांकित बिन्दुओं पर समीक्षा की गयी-

1. अनावरण हेतु शेष अभियोगों की समीक्षा।
2. थानो पर लम्बित विवेचनाओ के निस्तारण,वांछित अभियुक्तों, पुरस्कार घोषित अपराधियों, वारण्टियों की गिरफ्तारी, शिकायती प्रार्थना पत्र के निस्तारण।
3. पूर्व की लम्बित विवेचनाओं के निस्तारण की समीक्षा की गई।
4. बरामदगी हेतु शेष अपहृत/अपहृता की समीक्षा की गई।
5. गुमशुदा बच्चों की सूची बरामदगी अभी भी शेष है कि समीक्षा की गई।
6. आई0जी0आर0एस /जनसुनवाई प्रार्थना पत्रों के निस्तारण स्थिति तथा फीडबैक (संतोषजनक/असंतोषजनक) के संबंध में समीक्षा की गई।
7. धारा 14(1) गैंगेस्टर अधिनियम के अन्तर्गत कृत कार्यवाही की समीक्षा की गई।
8. आपरेशन कन्विक्शन के अन्तर्गत चिन्हित अभियोगों के पैरवी की स्थिति की समीक्षा की गई।
9. ऑपरेशन दृष्टि/ऑपरेशन त्रिनेत्र के दृष्टिगत समस्त थाना क्षेत्रों में संवेदनशील व भीड़भाड़ वाले जगहों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया।
10. पब्लिक ग्रीवेंस पोर्टल पर लंबित प्रार्थना पत्रों की समीक्षा
11. आई रेड ऐप्प पर सड़क दुर्घटनाओं की फिडिंग की समीक्षा
12. लम्बित चरित्र सत्यापन संबंधी प्रकरणों के संबंध में समीक्षा की गई एवं उपरोक्त सभी प्रकरणों में ध्यान केन्द्रित करते हुए आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा महत्वपूर्ण बिंदुओं पर गोष्ठी में चर्चा करते हुए "जागते रहो" के संबंध में चर्चा की गई अभियान जागते रहो के दृष्टिगत जारी कार्यवाही के समीक्षा की गयी, जिसमें समस्त पुलिस बल रात्रि में गस्त/पिकेट के दौरान कस्बा/गाँव में लोगों से वार्ता कर घटनाओं की रोकथाम हेतु पुलिस की मदद करने तथा यदि रात्रि के दौरान कोई संदिग्ध व्यक्ति कस्बा/गाँव में घूम रहा है तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को देने के सम्बन्ध में जागरुक किया जा रहा है। महोदय द्वारा गोष्ठी में मिशन शक्ति अभियान को सफल बनाने हेतु महिलाओं/ बालिकाओं को जागरूक करने, साइबर अपराधों की रोकथाम हेतु अभियान चलाकर आम-जनमानस को जागरूक करने, लम्बित शिकायती प्रार्थना पत्रों एवं ऑपरेशन क्लीन के तहत थानों पर मालों को शीघ्र निस्तारण करने तथा अपहृताओं की शीघ्र बरामदगी करने तथा समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में वाहन चेकिंग के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की सतर्कता से तलाशी ली जाये, यातायात नियमों का पालन न करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कार्यवाही करें तथा यातायात नियमों का पालन करने हेतु उन्हे जागरूक भी करें।

महोदय द्वारा सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि थाने पर आने वाले आगन्तुकों/ फरियादियों/ जनप्रतिनिधियों/पत्रकार बंधुओं के साथ विनम्र व शालीन व्यवहार करें, जिससे कि आम जनता बिना किसी भय के अपनी शिकायतों के निस्तारण हेतु थानों पर आ सके। फरियादियों की शालीनतापूर्वक समस्याओं को सुनकर तत्काल निष्पक्ष आवश्यक कानूनी कार्यवाही करते हुए समयबद्ध व गुणवत्तापूर्वक निस्तारण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।